**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-I**
**PERIODIC TEST-1 (2023-24)**
**SUBJECT: HINDI**

**CLASS : VIII** **MAX. MARKS : 20**
**DATE : 22/05/2023** **TIME: 40 MINUTES**

---

**सामान्य निर्देश :**
- **इस प्रश्न पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'अ' और खंड 'ब' ।**
- **कुल प्रश्नों की संख्या पाँच है ।**
- **प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।**

---

## खंड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**प्रश्न-1. पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए -** **(5)**

(i) 'हम सब फ़िल्म देखने जाएँगे।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?
(क) विस्मयादिबोधक (ग) निषेधवाचक
(ख) आज्ञावाचक (घ) विधानवाचक

(ii) 'विस्मयादिबोधक वाक्य' के लिए सही विकल्प क्या होगा ?
(क) यदि बारिश न आई तो हम लोग कहीं घूमने चलेंगे।
(ख) तुम यहाँ से जाओ।
(ग) वाह ! तुमने तो कमाल ही कर दिया।
(घ) क्या शीला बीमार है ?

(iii) 'बगीचे से फूल मत तोड़ो।'अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?
(क) प्रश्नवाचक (ग) निषेधवाचक
(ख) इच्छावाचक (घ) विधानवाचक

(iv) 'संकेतवाचक' के लिए सही विकल्प क्या होगा ?
(क) अगर नौकरी मिल जाती तो बहन की शादी कर देता।
(ख) कृपया शांत रहें।
(ग) अरे ! इतना लंबा साँप।
(घ) क्या आपको मेरी पुस्तक मिली है ?

(v) 'चलकर खाना खाया जाए।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?
(क) प्रश्नवाचक (ग) निषेधवाचक
(ख) इच्छावाचक (घ) विधानवाचक

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए -** **(4)**

इंजन सचमुच स्टार्ट हो गया। ऐसा, जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं। काँच बहुत कम बचे थे। जो बचे थे, उनसे हमें बचना था। हम फ़ौरन खिड़की से दूर सरक गए। इंजन चल रहा था। हमें लग रहा था कि हमारी सीट के नीचे इंजन है। बस सचमुच चल पड़ी और हमें लगा कि यह गांधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों के वक्त अवश्य जवान रही होगी। उसे ट्रेनिंग मिल चुकी थी। हर हिस्सा दूसरे से असहयोग कर रहा था। कभी लगता सीट बॉडी को छोड़कर आगे निकल गई है। कभी लगता कि सीट को छोड़कर बॉडी आगे भागी जा रही है। आठ-दस मील चलने पर सारे भेदभाव मिट गए। यह समझ नहीं आता था कि सीट हम पर बैठी है या सीट पर हम बैठे हैं।

(i) 'इंजन सचमुच स्टार्ट हो गया' वाक्य में लेखक के कहने का अभिप्राय क्या है ?
(क) बस की सुंदर स्थिति (ग) ड्राइवर की दयनीय स्थिति
(ख) बस की दुर्दशा (घ) बस का जवान होना

**(ii) आठ-दस मील के बाद बस की चाल में क्या परिवर्तन आया ?**

**(क) बस का टायर ख़राब हो गया।**

**(ख) बस ख़राब हो गई।**

**(ग) बस बिलकुल आराम से चलने लगी।**

**(घ) बस काफी तेज़ी से चलने लगी ।**

**(iii) लेखक को ऐसा क्यों लग रहा था कि हम इंजन के भीतर बैठे हैं ?**

**(क) सर्दी के कारण**

**(ख) परेशानी के कारण**

**(ग) उनकी उम्र के कारण**

**(घ) शोर और कंपन के कारण**

**(iv) कथन (A) और कारण (R)को सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए।**

**कथन (A) यह गांधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों के वक्त अवश्य जवान रही होगी।**

**कारण (R) बस का हर हिस्सा दूसरे से असहयोग नहीं कर रहा था।**

**(क) कथन (A) ग़लत है और कारण (R) सही है।**

**(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) ग़लत है।**

**(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।**

**(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ग़लत हैं और कारण (R) कथन (A)की सही व्याख्या करता है।**

## खंड 'ब'(वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 3. नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए-** **(3)**

**(i) बेताबी** **(ii) निमित्त** **(iii) सलाख**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए -**

**(i) पगड़ी** **(ii) इंतज़ार** **(2)**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए -** **(6)**

**(i) लेखक के मन में हिस्सेदार के प्रति श्रद्धा क्यों जग गई ?**

**(ii) लेखक बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था ?**

**(iii) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?**

**(iv) वस्तु-विनिमय क्या है और उसकी प्रचलित पद्धति क्या है ?**

-------------------------------------------------------

**INDIAN SCHOOL SOHAR** **SET-2**
**PERIODIC TEST-1 (2023-24)**
**SUBJECT: HINDI**

**CLASS : VIII** **MAX. MARKS : 20**
**DATE : 22/05/2023** **TIME: 40 MINUTES**

---

**सामान्य निर्देश :**

- **इस प्रश्न पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'अ' और खंड 'ब' ।**
- **कुल प्रश्नों की संख्या पाँच है ।**
- **प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।**

---

## खंड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**प्रश्न-1. पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (5)**

**(i) 'बगीचे से फूल मत तोड़ो।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?**

(क) प्रश्नवाचक (ग) विधानवाचक
(ख) इच्छावाचक (घ) निषेधवाचक

**(ii) 'हम सब फ़िल्म देखने जाएँगे।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?**

(क) आज्ञावाचक (ग) निषेधवाचक
(ख) विस्मयादिबोधक (घ) विधानवाचक

**(iii) 'संकेतवाचक' के लिए सही विकल्प क्या होगा ?**

(क) कृपया शांत रहें।
(ख) यदि ठंड पड़ेगी तो मैं कोट पहनूँगा।
(ग) क्या आपको मेरी पुस्तक मिली है ?
(घ) अरे ! इतना लंबा साँप।

**(iv) 'आपकी यात्रा शुभ हो।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?**

(क) इच्छावाचक (ग) विधानवाचक
(ख) प्रश्नवाचक (घ) निषेधवाचक

**(v) 'विस्मयादिबोधक वाक्य' के लिए सही विकल्प क्या होगा ?**

(क) तुम यहाँ से जाओ।
(ख) यदि बारिश न आई तो हम लोग कहीं घूमने चलेंगे।
(ग) क्या शीला बीमार है ?
(घ) वाह! तुमने तो कमाल ही कर दिया।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए - (4)**

बस की रफ़्तार अब पंद्रह-बीस मील हो गई थी। मुझे उसके किसी हिस्से पर भरोसा नहीं था। ब्रेक फेल हो सकता है, स्टीयरिंग टूट सकता है। प्रकृति के दृश्य बहुत लुभावने थे। दोनों तरफ़ हरे-भरे पेड़ थे जिन पर पक्षी बैठे थे। मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था। जो भी पेड़ आता, डर लगता कि इससे बस टकराएगी। वह निकल जाता तो दूसरे पेड़ का इंतजार करता। झील दिखती तो सोचता कि इसमें बस गोता लगा जाएगी। एकाएक फिर बस रुकी। ड्राइवर ने तरह-तरह की तरकीबें कीं पर वह चली नहीं। सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हो गया था, कंपनी के हिस्सेदार कह रहे थे – "बस तो फर्स्ट क्लास है जी ! यह तो इत्तफ़ाक की बात है।"

**(i) लेखक को किस पर भरोसा नहीं था ?**

(क) बस की रफ़्तार पर (ग) बस के ब्रेक पर
(ख) बस के इंजन पर (घ) बस के संपूर्ण हिस्सों पर

**(ii) बस किस गति से आगे बढ़ रही थी ?**

**(क) पंद्रह-बीस मील** **(ग) पंद्रह-बीस किलोमीटर**

**(ख) पंद्रह-बीस मीटर** **(घ) दस-पंद्रह मील**

**(iii) लेखक किसे अपना शत्रु समझ रहा था ?**

**(क) हर पेड़ को** **(ग) हरे पेड़ को**

**(ख) पेड़ को** **(घ) झील को**

**(iv) कथन (A) और कारण (R) के लिए सही विकल्प चुनिए।**

**कथन (A) यह गांधी जी के असहयोग और सविनय अवज्ञा आंदोलनों के वक्त अवश्य जवान रही होगी।**

**कारण (R) बस का हर हिस्सा दूसरे से सहयोग कर रहा था।**

**(क) कथन (A) ग़लत है और कारण (R) सही है।**

**(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) ग़लत है।**

**(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।**

**(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ग़लत हैं और कारण (R) कथन (A)की सही व्याख्या करता है।**

## खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 3. नीचे लिखे शब्दों के अर्थ लिखिए-** **(3)**

**(i) फबना** **(ii) बियाबान** **(iii) पगड़ी**

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए -** **(2)**

**(i) साहस** **(ii) मचिया**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए -** **(6)**

**(i) वस्तु-विनिमय क्या है और उसकी प्रचलित पद्धति क्या है ?**

**(ii) मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया ?**

**(iii) लेखक बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था ?**

**(iv) लेखक के मन में हिस्सेदार के प्रति श्रद्धा क्यों जग गई ?**

-------------------------------------------------------